एक नजर

सीएमओ बनीं शिक्षक, बच्चों से किये जवाब सवाल

इटारसी,2 अप्रैल नससे. शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला, पुरानी इटारसी में गुरुवार को कुछ अलग ही नजारा था यहां शिक्षिका कोई ओर भी बल्कि नगर पालिका की सीएमओ रितु मेहरा थी। सीएमओ ने बच्चों के बीच बैठकर उनकी बाते सुनी और सवाल जवाब किए।

दरअसल कलेक्टर के निर्देशानुसार स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत आयोजित भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत आज शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला, पुरानी इटारसी में विशेष गतिविधि आयोजित की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमति रितु मेहरा ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों के बीच जाकर उनसे आत्मीय चर्चा की गई। उन्होंने विद्यार्थियों की कॉपियां देखीं तथा बच्चियों से पहाड़े भी पूछे, और प्रश्न किए जिनका बच्चों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। श्रीमति मेहरा ने बच्चों से उनकी रुचि एवं भविष्य के सपनों के बारे में भी पूछा। इस दौरान छात्रा स्नेहा ने कलेक्टर बनने की इच्छा व्यक्त की, वहीं मुस्कान ने डॉक्टर बनने का लक्ष्य बताया। अन्य बच्चों ने भी फौजी एवं वकील बनने की अपनी इच्छाएं साझा की। अंत में श्रीमति मेहरा द्वारा सभी विद्यार्थियों को पेन, पेंसिल, कटर, रबर एवं कॉपियों का वितरण किया गया, जिससे बच्चों में उत्साह एवं प्रसन्नता का वातावरण देखने को मिला।

श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हुआ

पिपरिया, सिलारी में सराठे परिवार के द्वारा श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया।

जगदीश, हरलाल, मनोहर, नीतिन सराठे परिवार द्वारा श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें पं.राजकिशोर शर्मा अलीगंज द्वारा कथा का रसपान कराया। कथा के पश्चात भंडारा प्रसादी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नपाध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, पूर्व जिला सतर्कता समिति सदस्य अरविंद राय सहित अनेकोजनप्रतिनिधि, धर्मप्रेमी, ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

अवैध कटाई की जांच के नाम पर की अभद्रता

नवभारत समाचार सेवा

इटारसी,2 अप्रैल जिले के इटारसी वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले छीपीखापा सर्किल में हुई करोड़ों रुपए की अवैध कटाई का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि सिवनी बानापुरा रेंज में में सक्रिय वन माफियाओं ने लगभग 2 सैकड़ा के आसपास सागौन के पेड़ काट दिए।

अवैध कटाई का मामला उजागर होने के बाद विभाग में हड़कंप मच गया। हरकत में आए विभाग के अफसरों ने संदेह के आधार पर अपने ही विभाग के दो नाकेदारों ओर चौकीदारों से पूछताछ शुरू की। सूत्रों के अनुसार अवैध कटाई से बौखलाए विभाग के एक अधिकारी ने सुखतवा सर्किल में पदस्थ दो नाकेदारों को पूछताछ के लिए बुलाया था.

इस दौरान एक अधिकारी ने नाकेदार महिपाल यादव के साथ मारपीट की। घटना के बाद यादव ने इसकी जानकारी अपने आला अधिकारियों को देने के बाद सिवनी मालवा थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। मामले में पुलिस ने प्राथमिक शिकायत के आधार पर जांच शुरू की।

क्या है मामला

जिले की सिवनी बानापुरा रेंज अंतर्गत आने वाली खोरा सर्किल में सक्रिय वन माफियाओं ने अमले की लापरवाही का फायदा उठाकर लगभग दो सैकड़ा सागौन के पेड़ काट दिए।

अवैध कटाई की जानकारी लगने के बाद हरकत में आए विभाग के एसडीओ अनिल विश्वकर्मा ओर वन परिक्षेत्र अधिकारी ज्ञान सिंह पवार जांच करने पहुंचे थे।

जांच में इतने बड़े स्तर पर कटाई देखकर अफसरों के भी हाथ पैर फूल गए। बताया जाता है कि जांच में जुटे अधिकारियों को खोरा बीट से ही लगी सुखतवा सर्किल की चिचवानी बीट के दो चौकदारों डोरीलाल ओर रामचरण पर अवैध कटाई में शामिल होने का शक था इसलिए अधिकारियों द्वारा दोनों को मंगलवार शाम पूछताछ के लिए अपने साथ ले जाया गया था।

सूत्रों के अनुसार पूछताछ के दौरान दोनों के मारपीट भी की गई।

नाकेदारों ने थाने पहुंचकर की शिकायत

अवैध कटाई की जांच में जुटे अधिकारियों द्वारा बुधवार शाम सुखतवा सर्किल में पदस्थ दो नाकेदारों महिपाल सिंह यादव ओर रूपेश साहू को पड़ताल के लिए बानापुरा रेंज ऑफिस बुलाया गया था। महिपाल यादव ने विभाग के एसडीओ अनिल विश्वकर्मा पर पूछताछ के दौरान डंडे से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत सिवनी मालवा थाना में दर्ज कराई।

मामले में पुलिस ने महिपाल यादव का मेडिकल कराकर आवेदन के आधार पर जांच शुरू की। मामले में थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने बताया की आवेदन के आधार पर जांच की जा रही है।

नपा के दल ने किया बाजार की निरीक्षण

अग्नि सुरक्षा मानकों की समझाईश दी

इटारसी,2 अप्रैल नससे. शहर के नागरिकों एवं व्यापारियों की सुरक्षा को देखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देशन में एक विशेष निरीक्षण दल द्वारा शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों का भ्रमण किया गया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य दुकानों और संस्थानों में फायर सेफ्टी (अग्नि सुरक्षा) के इंतजामों का जायजा लेना और भविष्य में होने वाली अप्रिय घटनाओं को रोकना रहा।निरीक्षण के दौरान दल ने दुकानों में अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता, उनकी एक्सपायरी डेट, और बिजली के उपकरणों की स्थिति की बारीकी से जांच की। टीम ने व्यापारियों को समझाया कि शॉर्ट सर्किट से बचाव के लिए वायरिंग दुरुस्त रखें और आपातकालीन निकास मार्गों को पूरी तरह सुरेन्द्र रावत, नन्द राम साहू , कमल कांत बडगोती, जगदीश पटेल , मोहन कंडारेमुख्य नगर पालिका अधिकारी ने इस संबंध में शहरवासियों और व्यापारियों से अपील की है कि वे अग्नि सुरक्षा को केवल सरकारी औपचारिकता न समझें, बल्कि इसे स्वयं की और समाज की सुरक्षा के लिए एक अनिवार्य जिम्मेदारी के रूप में अपनाएं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी बड़े संस्थानों के लिए फायर एनओसी प्राप्त करना अनिवार्य है।

अवैध शराब के विक्रय पर कार्यवाही

इटारसी,2 अप्रैल नससे. अवैध शराब के विक्रय और परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पथरोटा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी विजय पिता बाबूलाल भैसारे 45 वर्ष, निवासी नागपुरकलॉ नयी बस्ती के घर के बाजू में दबिश दी।

कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से अवैध देशी शराब बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा के अंतर्गत मामला दर्ज किया है.

पुस्तक मेला में उमड़ी बच्चों-अभिभावकों की भीड़

नर्मदापुरम,2,अप्रैल, नससे.नर्मदापुरम के एस.एन.जी. स्कूल में लगाए गये जिला स्तरीय पुस्तक मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष, श्रीमती नीतू महेन्द्र यादव ने किया। 2 से 4 अप्रैल तक चलने वाले इस मेले में पुस्तक और स्टेशनरी पर विशेष छूट मिल रही है।

मेले में शासकीय और अशासकीय विद्यालयों की पाठ्यपुस्तकें, कापी, स्टेशनरी, स्कूल बेग, शूज आदि के 12 विक्रेताओं द्वारा दुकानें लगाई गई हैं। पुस्तक मेले में बच्चों तथा अभिभावकों की भारी भीड़ उमड़ी।

आज के शुभारंभ अवसर पर विशेष अतिथि श्रीमती सविता राजपूत, विधायक प्रतिनिधि, विशेष अतिथि श्री ब्रजेन्द्र रावत, संयुक्त कलेक्टर नर्मदापुरम, डॉ. श्री मनीष वर्मा, संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, श्रीमती इंदु बचले, श्रीमती रत्ना जैन, श्री एल एन

प्रजापति जिला शिक्षा अधिकारी, श्री राजेश जायसवाल, डीपीसी, श्री राजेश गुप्ता, एडीपीसी, संस्था के प्राचार्य श्री संदीप शुक्ला, श्री राजेश शर्मा, श्रीमती कीर्ति शिवपुरिया, श्रीमती अर्चना मिश्रा, श्री विक्रम नरवरिया भी उपस्थित रहे।

हनुमान जंयती पर निकाली शोभायात्रा

नगरवासियों ने राम दरबार और बाल रूप हनुमान का किया पूजन

माखननगर,2 अप्रैल नससे. हनुमान जन्मोत्सव नगर में धूमधाम श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया सुबह बालाजी मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई

जन्मोत्सव समिति ने डीजे बैंड बाजे ढोल के साथ विशाल शोभा यात्रा निकाली नगर में सड़क के किनारे दोनों तरफ केसरिया ध्वज और बड़े-बड़े हनुमान जी के फ्लेक्स लगाए गए थे बालाजी मंदिर की आकर्षक लाइटिंग से साज साज की गई शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का नगर वासियों एवं विभिन्न संस्थाओं ने जगह-जगह शीतल जल आइसक्रीम कोल्ड ड्रिंक एवं फलों से स्वागत किया

शोभा यात्रा में शामिल युवा एवं विशेष तौर पर मातृशक्ति पारंपरिक परिधान एवं साफा बांधकर शामिल हुए श्री राम दरबार एवं बाल रूप हनुमान की सुंदर झांकी सजाई गई जिसका नगर वासियों ने श्रद्धा से पूजन कर आरती की नगर में श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर मनसा पूरण हनुमान मंदिर पीपल वाले हनुमान जी थाना परिसर में दक्षिण मुखी हनुमान जी एवं अन्य हनुमान मंदिरों में भी भक्त जनों ने भजन पूजन आरती कर प्रसाद चढ़ायाशोभायात्रा मेंविधायक विजयपाल सिंह नगर पालिका अध्यक्ष रीना आकाश तिवारी पाषर्दगण जनप्रतिनिधि कांग्रेस पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं नगर के विभिन्न सामाजिक संस्था के सदस्य शोभायात्रा में शामिल हुए

शोभायात्रा मंगलवारा बाजार शनिचरा बाजार में रोड आवास कॉलोनी से होती हुई बालाजी मंदिर पहुंची जहां महा आरती कर प्रसादी वितरण की गइ .

मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

हरदा,2 अप्रैल नससे. हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के सभी प्रमुख हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी । श्रद्धालुओं ने हनुमान के दर्शन , पूजा-अर्चन कर प्रसादी का लाभ लिया।

शहर के श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर गुलजार भवन , खेड़ापति हनुमान मंदिर, अड्डे वाले हनुमान मंदिर, कचहरी वाले हनुमान मंदिर , बड़ा मंदिर , श्रीराम मंदिर गोलापुरा के दास हनुमान मंदिर को फूलों से सजाया गया है।

अधिकांश मंदिरों में दोपहर 12 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया । वहीं कुछ मंदिरों में भंडारे का आयोजन शाम को भी किया गया ।सुबह से ही मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, बजरंग बाण और हनुमाष्टक का पाठ होते रहे ।

साथ ही हवन-पूजन और महाआरती का आयोजन किया गया ।सिद्धवीर हनुमान मंदिर के पंडित मुरलीधर व्यास ने बताया कि हनुमान जी का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष में मेष लग्न में सुबह 6 बजे हुआ था। इस अवसर पर मंदिर में देर रात से 11 विद्वान पंडितों के मार्गदर्शन में विशेष पूजन-अर्चन किया गया। मंदिर समिति के सदस्यों ने हवन कुंड में वेद मंत्रों के साथ आहुतियां देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की।

संकटमोचन के जयकारों से गूंजा शहर

इटारसी,2 अप्रैल नससे. शहर में आज हनुमान जन्मोत्सव का पर्व पूरी श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सुबह ब्रह्म मुहूर्त से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। 'संकटमोचन' के जयकारों से पूरा शहर गुंजायमान है और दोपहर तक कई प्रमुख मंदिरों में महाभिषेक, हवन और प्रसादी वितरण के कार्यक्रम संपन्न हो चुके हैं।

ब्रह्म मुहूर्त में हुआ महाभिषेक और श्रृंगार धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत तड़के 5 बजे से हुई। श्री हनुमानधाम ओवरब्रिज में सुबह 5 बजे भव्य महामंगला आरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। वहीं, स्वप्नेश्वर हनुमानधाम और गांधीनगर स्थित पंचवटी सेवा समिति में सुबह 5 से 7 बजे के बीच भगवान का विधि-विधान से महाभिषेक कर आकर्षक श्रृंगार किया गया। अटल पार्क में सुबह 6बजे सामूहिक महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें अर्चना राजेश मालवीय सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शिरकत की।

दोपहर तक हुए हवन और कन्या पूजनदोपहर होते-होते शहर के विभिन्न क्षेत्रों में धार्मिक गतिविधियों ने और जोर पकड़ लिया। श्री हनुमानधाम में दोपहर 12 बजे से मुख्य हवन अनुष्ठान प्रारंभ हुआ। मालवीयगंज स्थित विश्वकर्मा मंदिर में भी सुबह अभिषेक के बाद पूजन की प्रक्रिया जारी रही। कई मंदिरों में दोपहर से ही विशाल भंडारे शुरू हो गए हैं। स्वप्नेश्वर हनुमानधाम में दोपहर 1 बजे से ही श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण करना शुरू कर दिया, हजारों लोगों ने प्रसाद ली.

इन क्षेत्रों में भी रही भारी रौनक

नई गरीबी लाइन स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, पीपल मोहल्ला, पुराना बस स्टैंड, एमजीएम कॉलेज, रेलवे स्टेशन के सामने, तालाब के पास, राजीव काम्पलेक्स मंदिर और सातवी लाइन स्थित हनुमान मंदिरों में सुबह से ही सुंदरकांड के पाठ और विशेष पूजा अर्चना की जा रही है।भक्तों द्वारा भगवान को चोला चढ़ाया और फल-मिष्ठान का भोग लगाया गया। प्रशासन और मंदिर समितियों ने सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं पूरा इटारसी शहर आज मारुति नंदन की भक्ति के रंग में सराबोर नजर आ रहा है ।। हनुमान प्राकट्योत्सव पर हुए धार्मिक आयोजन, कहीं अखंड रामायण तो कहीं किया भंडारा आयोजन.

प्रभारी कलेक्टर ने किया उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण

हरदा,2 अप्रैल नससे. प्रभारी कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरदा श्रीमती अंजली जोसफ जोनाथन ने गुरूवार को चना एवं मसूर उपार्जन केन्द्रों, ग्रामीण विकास विभाग के कार्य तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का निरीक्षण किया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती जोसफ ने कृषि उपज मंडी टिमरनी एवं हरदा का भ्रमण कर उपार्जन शेड, पेयजल व्यवस्था, कंट्रोल रूम की स्थापना, साफ-सफाई तथा सीसीटीवी कैमरे आदि व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने तथा उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो इस हेतु संबंधित मंडी सचिवों को आवश्यक निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान श्रीमती जोसेफ ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत चारखेडा, बरकला, मनियाखेडी तथा आलमपुर के शासकीय भवनों में निर्माणाधीन रैन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्यों का निरीक्षण किया। ऐसे शासकीय भवन जिनमें पूर्व से रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं हैं, वहां आगामी 7 दिवस में रैन वाटर हार्वेस्टिंग कार्यों को लेने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत, सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं ग्राम पंचायतों को दिए गए। इसके साथ ही ग्राम पंचायत आलमपुर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निर्मित कुआ रिचार्ज के कार्य का निरीक्षण किया गया एवं पंचायत भवन में स्थापित हैंडपंप के पास जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सोक पिट बनाने के निर्देश ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक को दिए गए।

निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत मनियाखेडी में एकीकृत माध्यमिक शाला एवं आंगनवाडी केन्द्र मनियाखेडी व चारखेडा का निरीक्षण कर उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया गया साथ ही उपस्थित बच्चों से चर्चा कर मध्यान्ह भोजन मेन्यू के बारे जानकारी ली गई तथा मध्यान्ह भोजन में उपयोग होने वाली सामग्री का अवलोकन भी किया गया।

नरवाई जलाने वाले चार किसानों पर एफआईआर दर्ज

पिपरिया ,2 अप्रैल नससे.नरवाई जलाने के खिलाफ पिपरिया,बनखेडी क्षेत्र में 15 किसानो पर 42 हजार 500 रूपये का जुर्माना लगाया वही 4 किसानो के खिलाफ एफआईआर की गई।

एसडीएम आकिपखान के निर्देशन में तहसीलदार वैभव बैरागी,नायब तहसीलदार मनोज नामदेव,नीरज बैस,बनखेडी तहसीलदार अंजू राजपूत,नायब तहसीलदार रामसिपाही मरावी के नेतृत्व में नरवाई वाले खेतो का निरीक्षण कर किसानो को चिंहित कर कार्रवाही की गई है।

इस दौरान तहसीलदार ने बताया कि रीपर मशीन,रोटावेटर,भूसा मशीन और हार्वेस्टर का उपयोग कर मूंग की फसल के लिये खेतो को तैयार किया गया है। आग लगाने से मिट्टी की उर्वरक शक्ति खत्म होती है। इन किसानो पर लगा अर्थ दंड- नरवाई अग्रिदुर्घटना में बनखेडी क्षेत्र के परसवाडा के हरिप्रसाद,गनपत,लखनलाल,गोपी,रघुवर,लक्ष्य उर्फ लखनलाल,जगन्नाथ,बहरवान अनुप,माल्हनवाडा के अतरसिंह,पथरकुई के विजयसिंह,ओमप्रकाश,मनीष कुमार,शिवकुमार कौरव,पिपरिया तरौनकला के धनराज,सिंगानामा के शिब्बूलाल पर 42 हजार 500 रूपये का अर्थदंड लगाया गया है।वही चार कोडापडरई के कल्लू पिता फूला,अजबसिंह पिता पुन्ना,कामती के किसान ओमकार पिता नन्हे,जयचौकसे पिता गोविंद चौकसे के खिलाफ एफआईआर हुई है।

झनकलाल सेवानिवृत हुए

पिपरिया,2 अप्रैल नससे. विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ झनकलाल कहार सेवानिवृत हुए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ झनकलाल कहार के सेवानिवृत होने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसएल रघुवंशी,नपा व संकुल क्षेत्र के कर्मचारी उपस्थित रहे।

समाजसेवी शिवकुमार दीवान का निधन

सोहागपुर,2 अप्रैल नससे. नगर के जाने-माने समाजसेवी श्री शिवकुमार दीवान (मुन्ना काका) के आकस्मिक निधन से जिझौतिया कड़ा माणिक पुरी ब्राह्मण समाज और क्षेत्र में शोक व्याप्त है।उनके निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है।समाजिक जनों का कहना है कि मुन्ना काका का जीवन सेवा, सादगी और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक रहा। वे हमेशा कुछ नया और अच्छा करने की सोच के साथ समाजसेवा में सक्रिय रहते थे।जीवन में अनेक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद उनके चेहरे पर हमेशा मुस्कान बनी रहती थी और वे सरल स्वभाव के लिए पहचाने जाते थे।सामाजिक कार्यों में उनकी विशेष रुचि रही। परशुराम भवन निर्माण के दौरान उन्होंने अतुलनीय योगदान दिया।जहां कई लोगों ने आर्थिक सहयोग किया, वहीं मुन्ना काका ने स्वयं श्रमदान करते हुए भवन की देखरेख, साफ-सफाई और निर्माण कार्य में सक्रिय भूमिका निभाई।

रहवासी क्षेत्र के आसपास विचरण कर रहे बाघ को रेस्क्यू किया

पिपरिया,2 अप्रैल नससे. सतपुडा टाइगर रिजर्व के अंतर्गत एक रेडियो कालरयुक्त नरबाघ जो विगत लगभग दो से ढाई माह से नर्मदापुरम वनमंडल के रहवासी क्षेत्रो के आसपास विचरण कर रहा था जिसका सतपुडा टाइगर रिजर्व की टीम ने सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया है।

क्षेत्र संचालक आशीष खोबरागडे ने बताया कि यह रेस्क्यू अभियान तीन दिनो तक सतत मेहनत,तकनीकी ट्रेकिंग पांच हाथियों ने एवं मैदानी दलो के समंवित प्रयासो से संचालित किया गया। रेस्क्यू आपरेशन के दौरान वनविभाग की टीम ने अत्यंत सतर्कता एवं कुशलता का परिचय देते हुए बिना किसी अप्रिय घटना के बाघ को सुरक्षित नियंत्रित किया। उक्त बाघ का स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत सतपुडा टाइगर रिजर्व के उपयुक्त एवं सुरक्षित खुले वन क्षेत्र में पुनः विस्थापन रिलीज किया जावेगा जिससे उसके प्राकृतिक व्यवहार एवं आवास का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। इस सफल अभियान हेतु सतपुडा टाइगर रिजर्व एवं नर्मदापुरम वनमंडल की संपूर्ण टीम के साथ डॉ.गुरूदत्त शर्मा,डॉ.प्रशांत देशमुख,डॉ.हमजा फारूकी की विशेष भूमिका रही। साथ ही स्थानीय नागरिको के सहयोग एवं धैर्य के लिये वनविभाग ने आभार व्यक्त किया।

एसपी ने स्टेशन रोड थाने का निरीक्षण किया

पिपरिया,2 अप्रैल नससे.एसपी ने स्टेशन रोड थाने का निरीक्षण किया। एसपी साईकृष्णा थोटा ने कानून व्यवस्था अपराध नियंत्रण और रिकार्ड व्यवस्था,साफ सफाई व्यवस्था को लेकर निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। एसपी साईकृष्णा थोटा ने स्टेशन रोड थाने में पहुंच नये,पुराने रिकार्डो को देखा। टीआई सहित स्टाफ से जानकारी ली। इस दौरान आवश्यक निर्देश भी दिये गये। पत्रकारो से चर्चा करते हुए आपने कहा कि अभी तक निरीक्षण में सभी सही मिला है। शोभापुर की घटना को लेकर कार्रवाही का आश्वासन दिया,स्टाफ की कमी को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को लिखे जाने की बात कही आपने थाना निर्माण के प्रश्न पर कहा कि शीघ्र ही थाने का निर्माण होगा इस हेतु प्रक्रिया चल रही है। इस दौरान एसडीओपी मोहित कुमार यादव,टीआई उपस्थित थे

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती उषा देवी पत्नी प्रकाश चंद्र मोहनिया निवासी मकान नं. 430, वार्ड नं. 53, गणेश मंदिर के पास, विश्वकर्मा नगर, बागसेवनिया, हुजूर, बागमुगलिया, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि बाके मौजा ग्राम लोधड़ी खुर्द, तहसील इटारसी, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.) जिसका खसरा नम्बर 252/4 का रकबा 0.4050 हे., कृषि भूमि जिसके उत्तर में घनश्याम मेहरा का खेत, दक्षिण में श्यामू कैथवास का खेत, पूर्व में शासकीय भूमि एवं पश्चिम में रामबाई का खेत स्थित है, उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर प्रतिफल की आंशिक धन राशि अदा कर दी है। उक्त संपत्ति अन्यत्र किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्थान, सहकारी संस्थान इत्यादि का कोई ऋण भार, गिरवी, बंधक, हित, अधिकार हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से सात (07) दिनों के अंदर मूल दस्तावेजों के साथ अपनी लिखित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात विक्रय पत्र पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जावेगा एवं कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नहीं होगी।

स्थान :- इटारसी, दिनांक :- 02.04.2026

भवदीय
राजेश पाण्डेय, अधिवक्ता

पता: तीसरी लाइन, IILF GOLD के बाजू में,इटारसी, तहसील इटारसी, जिला नर्मदापुरम, मो. नं.9827512852

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने श्यामू पिता ओसान कैथवास निवासी वार्ड नं. 13 , ग्राम धोखेड़ा, पोस्ट लोहारिया कलॉ , तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम म.प्र. से उनके स्वामित्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि बाके मौजा लोधड़ी खुर्द जिसका खसरा नंबर 135/2 का रकबा 0.1450 हे., खसरा नंबर 207/2 रकबा 0.040 हे. खसरा नंबर 223/1 एवं खसरा नंबर 225/1 रकबा 0.2190 हे, कुल रकबा 0.974 हे. जिसकी चतुर्थ सीमा उत्तर में घनश्याम मेहरा की भूमि दक्षिण में मिश्रीलाल मेहरा की भूमि, पूर्व में उषा देवी की भूमि एवं पश्चिम में द्वारिकाधीश मंदिर की भूमि स्थित हैं उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर प्रतिफल की आंशिक धन राशि अदा कर दी हैं. उक्त संपत्ति अन्यंत्र किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्थान, सहकारी संस्थान इत्यादि का कोई ऋण भार, गिरवी, बंधक, हित, अधिकार हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से सात (07) दिनों के अंदर मूल दस्तावेजों के साथ अपनी लिखित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें, अवधि पश्चात विक्रय पत्र पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जावेगा एवं कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नहीं होगी.

स्थान :- इटारसी, दिनांक :- 02.04.2026

भवदीय
राजेश पाण्डेय, अधिवक्ता

पता: तीसरी लाइन, IILF GOLD के बाजू में,इटारसी, तहसील इटारसी, जिला नर्मदापुरम, मो. नं.9827512852